राष्ट्रीय स्मार्ट ग्रिड मिशन
विद्युत मंत्रालय
भारत सरकार

# मासिक रिपोर्ट – दिसम्बर 2023

## एन.एस.जी.एम. परियोजना प्रबंधन यूनिट

### क. एन.एस.जी.एम. स्मार्ट ग्रिड परियोजनाएँ

1. **JVVNL, राजस्थान:** अब तक 1,45,173 स्मार्ट मीटर क्षेत्र में लगाए गए। पूर्व-स्थापित मीटरों का संचालन और रखरखाव 1 नवंबर 2023 से शुरू हुई।
2. **CED, चण्डीगढ़ (सब डिवीजन 5):** सर्वेक्षण के अनुसार सभी स्मार्ट मीटर (24,214) और SCADA सिस्टम क्षेत्र में स्थापित किए गए। परियोजना को 'गो-लाइव' घोषित किया गया। शेष 61 स्मार्ट फीडर मीटर स्थापना का कार्य O&M चरण के अंतर्गत प्रगति पर है।

सभी परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति https://www.nsgm.gov.in/hi/sg-status पर देखा जा सकता है।

### ख. बैठक व गतिविधियाँ

1. 4 दिसंबर 2023 को संयुक्त सचिव (वितरण) की अध्यक्षता में राष्ट्रीय स्मार्ट ग्रिड मिशन की प्रगति की समीक्षा के लिए बैठक श्रम शक्ति भवन, नई दिल्ली में आयोजित हुई।
2. 8 दिसंबर 2023 को निदेशक NPMU ने "विद्युत वितरण में उन्नत प्रौद्योगिकियों को सक्षम करने के लिए रूपरेखा" के तहत पावरथॉन (POWERTHON) के 5वीं विशेषज्ञ समिति की बैठक में भाग लिया।
3. 13-15 दिसंबर 2023 के दौरान डिस्कॉम/संबंधित हितधारकों के लिए "स्मार्ट वितरण अनुप्रयोगों" पर 10वें त्रि-दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम को NSGM से 100% वित्त समर्थन के साथ स्मार्ट ग्रिड नॉलेज सेंटर (SGKC), पावरग्रिड, मानेसर में आयोजित की गई।
4. NPMU टीम ने स्मार्ट वितरण DPR की व्यापक रूपरेखा पर चर्चा और अंतिम रूप देने के लिए
   a) 11 दिसंबर 2023 और 19 से 20 दिसंबर 2023 को PUVVNL वाराणसी का दौरा किया।
   b) 12 से 15 दिसंबर 2023 को APDCL, गुवाहाटी का दौरा किया।
   c) 12 दिसंबर 2023 और 18 दिसंबर 2023 को PFC कार्यालय, नई दिल्ली में CEA, NDMC व PFC टीमों के साथ बैठक की गई।
5. 21 दिसंबर 2023 को निदेशक, NPMU ने "स्व-सतत विद्युत वितरण क्षेत्र पर रिपोर्ट लॉन्च" पर आयोजित FICCI सम्मेलन में विशेष संबोधन दिया।
6. दिसम्बर 2023 तक, विभिन्न स्थानों पर 79 लाख से अधिक स्मार्ट मीटर तैनात किए गए (नोडल एजेंसियों जैसे PFC और REC से एकत्रित आंकड़ों के अनुसार)। अधिक जानकारी https://www.nsgm.gov.in/en/state-wise-map, https://www.nsgm.gov.in/en/sm-stats-all से प्राप्त की जा सकती है।

**sd/-**

**निदेशक, NPMU (प्रभारी)**
**dir.npmu.nsgm@gov.in**